**R/P/P/2024/II**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

**SET A**

विषय-गृह विज्ञान
**Subject-HOME SCIENCE**
द्वितीय प्रश्न-पत्र ( ऐच्छिक )
**Paper II (Optional)**
विषय कोड-09
**Subject-Code-09**

240901669

नाम
**Name**

अनुक्रमांक
**Roll No.**

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 30 — कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु — अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 200

Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं-हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी एक भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं । प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है । उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें ।
3. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे । अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है । ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है ।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | ( प्रश्न संख्या 1-50 ) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | ( प्रश्न संख्या 51-150 ) |

4. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है । परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों । अन्यथा वे उसी सेट की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें ।
5. कृपया उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
6. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र ( ओ.एम.आर. शीट ) पर भी नहीं ।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा ।
8. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेबल व किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि का प्रयोग वर्जित है ।
9. जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें ।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे ।
11. उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. ) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें ।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. **This Question Booklet is printed in two languages—Hindi and English. Candidates can select any one of the two languages according to their convenience.**
2. **Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.**
3. **In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.**

| | | |
|---|---|---|
| **Paper I** | **General paper** | **(Q. No. 1-50)** |
| **Paper II** | **Question paper on the Subject opted by the examinee** | **(Q. No. 51-150)** |

4. **No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet of the same set.**
5. **Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.**
6. **Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).**
7. **If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard one.**
8. **Use of any type of calculator, log table or any type of electronic devices etc. are not allowed.**
9. **Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.**
10. **Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.**
11. **Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.**

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

51. फलों एवं सब्जियों में लाल, नारंगी एवं पीले रंग के लिये पौधे के रंगद्रव्य (वर्णक) का कौनसा समूह जिम्मेदार होता है ?

(A) क्लोरोफिल (B) एन्थोसायनिन्स

(C) कैरोटिनॉइड्स (D) फ्लैविनॉइड्स

52. निम्नलिखित में से किस प्रसंस्करण विधि में भोजन के खराब होने के जोखिम को कम करने के लिये कम समय तक उच्च तापमान पर गर्म किया जाता है ?

(A) ब्लांचिंग (B) विकिरणन

(C) पाश्चुरीकरण (D) ये सभी

53. लागत जो एक निश्चित समय अवधि के लिये बदलती नहीं है और उत्पादन के साथ भिन्न नहीं होती है, उसे कहते हैं :

(A) निश्चित लागत

(B) परिवर्तनीय लागत

(C) प्रत्यक्ष लागत

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. "ISO-9000" का तात्पर्य होता है :

(A) गुणवत्ता प्रबंधन मानक

(B) मात्रा प्रबंधन मानक

(C) योग्यता प्रबंधन मानक

(D) उपर्युक्त सभी

51. Which group of plant pigments is responsible for the red, orange and yellow colours of fruits and vegetables ?

(A) Chlorophyll (B) Anthocyanins

(C) Carotenoids (D) Flavinoids

52. Which of the following processing methods involves heating food at high temperatures for a short period of time in order to reduce the risk of spoilage ?

(A) Blanching (B) Irradiation

(C) Pasteurization (D) All of these

53. Cost that doesn't change over a period of time and doesn't vary with output is known as :

(A) Fixed Cost

(B) Variable Cost

(C) Direct Cost

(D) None of the above

54. "ISO-9000" refers to :

(A) Quality Management Standards

(B) Quantity Management Standards

(C) Qualification Management Standards

(D) All of the above

55. विकिरणन खाद्य संरक्षण की एक तकनीक है जिसमें विकिरण का मापन रॉड एवं मैगार्ड में किया जाता है । अब विकिरण को ग्रे में मापा जाता है जो कि समतुल्य होता है :

(A) 10 रॉड्स (B) 100 रॉड्स

(C) 10 मैगार्ड्स (D) 100 मैगार्ड्स

56. निम्नलिखित में से किसे "मैलार्ड प्रतिक्रिया" कहते हैं ?

(A) अमीनो समूह एवं हाइड्रॉक्सिल समूह की प्रतिक्रिया

(B) अमीनो समूह एवं कीटो समूह की प्रतिक्रिया

(C) अमीनो समूह एवं ऐल्डिहाइड समूह की प्रतिक्रिया

(D) अमीनो समूह एवं कार्बोनिल समूह की प्रतिक्रिया

57. उस वैचारिक ढाँचे का क्या नाम है जिसके माध्यम से शोध किया जाता है ?

(A) शोध उद्देश्य

(B) शोध परिकल्पना

(C) शोध प्रारूपिका (सिनॉप्सिस)

(D) शोध अभिकल्प (डिजाइन)

58. फलों के रस, शीतल पेय, जैम-जैली इत्यादि में शक्कर की मात्रा......................का उपयोग करके मापी जा सकती है ।

(A) पी-एच. मीटर

(B) ब्यूटीरोमीटर

(C) रीफ्रेक्टोमीटर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. Irradiation is a technology of food preservation where radiation is measured in Rad and Megard. Now radiation is measured in Gray which is equivalent to :

(A) 10 Rads (B) 100 Rads

(C) 10 Megards (D) 100 Megards

56. Which of the following is known as "Maillard Reaction" ?

(A) Reaction between amino group and hydroxyl group

(B) Reaction between amino group and keto group

(C) Reaction between amino group and aldehyde group

(D) Reaction between amino group and carbonyl group

57. What is the name of the conceptual framework in which the reasearch is carried out ?

(A) Research objectives

(B) Research hypothesis

(C) Research synopsis

(D) Research design

58. The sugar content of fruit juices, softdrinks, jam and jellies etc. can be measured using :

(A) pH meter

(B) Butyrometer

(C) Refractometer

(D) None of the above

59. खाद्य पदार्थों की संरक्षण अवधि को बढ़ाने के लिये मॉडीफाइड एटमॉस्फेयर पैकेजिंग की जाती है । इस पैकेजिंग में उपयोग में आने वाली गैस है :

(A) कॉर्बन डाईऑक्साइड

(B) नाइट्रोजन

(C) ऑक्सीजन

(D) इन तीनों का मिश्रण

59. For extending the shelf life of food products modified atmosphere packaging is used. The gas used in this packaging is :

(A) Carbon dioxide

(B) Nitrogen

(C) Oxygen

(D) Mix. of all the three

60. इनमें से किस खाद्य पदार्थ को "प्रोबॉयोटिक" कहा जा सकता है ?

(A) सेब (B) दही

(C) मछली (D) घी

60. Which of the following foods can be termed as a "Probiotic" ?

(A) Apple (B) Curd

(C) Fish (D) Ghee

61. भारी, मध्यम एवं गतिहीन श्रेणियों के एक वयस्क पुरुष की कैलोरी की आवश्यकता की गणना के लिए खपत (consumption unit) इकाई क्रमशः होगी :

(A) 1.8, 1.4, 1.2 (B) 1.6, 1.2, 1.0

(C) 1.5, 1.2, 1.0 (D) 1.4, 1.1, 0.9

61. For computing calorie requirement for an adult male from heavy, moderate and sedentary work categories, the consumption units will be respectively :

(A) 1.8, 1.4, 1.2 (B) 1.6, 1.2, 1.0

(C) 1.5, 1.2, 1.0 (D) 1.4, 1.1, 0.9

62. हृदय के स्वास्थ्य के लिए इनमें से कौनसा कोलेस्ट्राल का रूप लाभदायक माना जाता है ?

(A) LDL—लो डेन्सिटी लाइपोप्रोटीन

(B) VLDL—वैरी लो डेन्सिटी लाइपोप्रोटीन

(C) HDL—हाई डेन्सिटी लाइपोप्रोटीन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

62. The form of cholesterol which is considered beneficial for heart health is :

(A) LDL—Low Density Lipoprotein

(B) VLDL—Very Low Density Lipoprotein

(C) HDL—High Density Lipoprotein

(D) None of the above

63. कौनसा खनिज लवण एंटीऑक्सीडेंट के रूप में अपनी भूमिका के लिए जाना जाता है ?

(A) मैग्नीशियम (B) सैलिनियम

(C) कॉपर (D) पोटैशियम

64. ओमेगा-3 फैटी एसिड (वसीय अम्ल) के लिए निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है ?

(A) ओमेगा-3 फैटी एसिड वनस्पतिज और प्राणिज दोनों स्रोतों से प्राप्त होते हैं।

(B) खाना बनाते समय उच्च तापमान पर ओमेगा-3 फैटी एसिड्स का विघटन होता है ।

(C) ALA, DHA एवं EPA ये तीनों ओमेगा-3 फैटी एसिड्स हैं ।

(D) लीनोलेइक, लिनोलेनिक तथा आरकीडोनिक एसिड्स (अम्लीय) भी ओमेगा-3 फैटी एसिड्स ही है ।

65. निम्नलिखित में से कौन ICDS की कार्य प्रणाली (का भाग) नहीं है ?

(A) प्रतिरक्षा

(B) पूरक पोषण

(C) कौशल विकास

(D) अनौपचारिक शिक्षा

63. Which mineral is best known for its role as an antioxidant ?

(A) Magnesium (B) Selenium

(C) Copper (D) Potassium

64. Which one of the following statements is *not* correct for Omega 3-fatty acids ?

(A) Omega 3-fatty acids are obtained both from plants and animal sources.

(B) The degradation of omega-3 fatty acids occurs at high temperature during cooking.

(C) ALA, DHA and EPA are the three omega-3 fatty acids.

(D) Linoleic, Linolenic and Arachidonic acids (acidic) are also omega-3 fatty acids.

65. Which one of the following is *not* a functioning system (part) of ICDS ?

(A) Immunization

(B) Supplementary Nutrition

(C) Skill Development

(D) Non-formal Education

66. निम्नलिखित में से कौनसी पोषणीय स्तर के मूल्यांकन की प्रत्यक्ष विधि नहीं है ?

(A) मानवशास्त्रीय माप

(B) नैदानिक परीक्षण,

(C) जैव-रासायनिक अनुमान

(D) आहारीय मूल्यांकन

67. प्रतिरोधी स्टार्च (Resistant Starch) से सम्बन्धित कौनसा कथन सत्य नहीं है ?

(A) इसका ऊर्जा मूल्य 2 किलोकैलोरी प्रति ग्राम होता है

(B) यह ओट्स, पके चावल, पके आलू, केले तथा मक्के में बहुतायत में पाया जाता है ।

(C) आँतों के ज़ीवाणु इसे शॉर्ट चैन फैटी एसिड (SCFA) में बदल देते हैं

(D) इसका ग्लायसेमिक इन्डेक्स उच्च होता है, अतः मधुमेह के रोगियों के लिए हानिकारक होता है ।

68. हेपेटाइटिस के आहार प्रबंधन में निम्नलिखित में से कौनसे पोषणीय तत्त्व की मात्रा देनी चाहिए ?

(A) कम प्रोटीन, अधिक कार्बोहाइड्रेट एवं नगण्य वसा वाला आहार

(B) अधिक प्रोटीन, अधिक कार्बोहाइड्रेट व मध्यम वसा वाला आहार

(C) मध्यम प्रोटीन, मध्यम कार्बोहाइड्रेट व निम्न वसा वाला आहार

(D) अधिक प्रोटीन, निम्न कार्बोहाइड्रेट व निम्न वसा वाला आहार

66. Which one of the following is *not* a direct method of assessment of Nutritional status ?

(A) Anthropometric Measurements

(B) Clinical Examination

(C) Biochemical Estimation

(D) Dietary Assessment

67. Which of the following statements is *not* correct in relation to resistant starch ?

(A) Its energy value is 2 kcal per gram

(B) Oats, cooked rice, cooked potatoes, banana and maize are its prominent sources

(C) The intestinal bacteria change the resistant starch into Short Chain Fatty Acids (SCFA)

(D) It has a high glycemic index, so it is harmful for diabetic patients

68. In dietary management of hepatitis, from the following how much nutrients should be given ?

(A) Low protein, high carbohydrate and moderate fat diet

(B) High protein, high carbohydrate and moderate fat diet

(C) Moderate protein, moderate carbohydrate and low fat diet

(D) High protein, low carbohydrate and low fat diet

69. स्वस्थ शिशु की वृद्धि जन्म के उपरान्त किस गति से होती है ?

(A) जन्म के 6 माह तक वजन दुगना एवं एक वर्ष के अंत तक तीन गुना हो जाता है

(B) जन्म के 4 माह तक वजन दुगना व आठ माह के अंत तक तीन गुना हो जाता है

(C) जन्म के 9 माह के उपरांत वजन दुगना व 18 माह के उपरांत तीन गुना हो जाता है

(D) जन्म के हर दो महीने में वजन दुगना होता है

70. एक शोध अभिकल्प है :

(1) आँकड़ा (तथ्य) स्रोत के चयन के लिए एक योजना

(2) चरों के बीच के संबंध प्रदर्शित करने की रूपरेखा

(3) अनुसंधान का खाका

(4) डेटा विश्लेषण की प्रक्रिया

(A) 3 एवं 4 सही हैं

(B) 2, 3 एवं 4 सही हैं

(C) केवल 3 सही है

(D) उपर्युक्त सभी सही हैं

69. Growth of a healthy infant after birth occurs at which rate ?

(A) 6 months after birth the weight is doubled while it becomes 3 times by the end of one year

(B) 4 months after birth the weight is doubled while it becomes 3 times by the end of 8 months

(C) 9 months after birth the weight is doubled while it becomes 3 times by the end of 18 months

(D) The weight becomes double after every two months of birth

70. A Research Design is :

(1) A plan for selection of Data Source

(2) Framework for representing the relationship between variables

(3) Blue print of Research

(4) Procedure of Data analysis

(A) 3 and 4 are correct

(B) 2, 3 and 4 are correct

(C) Only 3 is correct

(D) All of the above are correct

71. निम्नलिखित में कौनसा बुना हुआ कपड़ा दो सिर वाली लैच सुई का उपयोग करके बनाया जाता है ?

(A) सादा सिंगल जर्सी कपड़ा

(B) डबल जर्सी कपड़ा

(C) पर्ल कपड़ा

(D) इंटरलॉक कपड़ा

72. एक परिसज्जा जिसका उपयोग ऊनी कपड़े में सिकुड़न को खत्म करने के लिए किया जाता है :

(A) क्रैबिंग (B) कार्बोनाइजिंग

(C) डीकेटिंग (D) फुलिंग

73. छपाई की एक विधि जिसमें रँगे हुए कपड़े के चयनित क्षेत्रों से रंग को हटाकर डिजाइन बनाया जाता है :

(A) हीट ट्रान्सफर छपाई

(B) डूप्लैक्स छपाई

(C) डिस्चार्ज छपाई

(D) रेजिस्ट छपाई

74. 'कसूती कढ़ाई' का एक प्रकार का टाँका जो सीढ़ीनुमा दिखता है, कहलाता है :

(A) गावंती (B) मुर्गी

(C) नेगी (D) मेंथी

71. Which among the following knitted fabrics is made by using two-headed latch needle ?

(A) Plain single jersey fabric

(B) Double jersey fabric

(C) Purl fabric

(D) Interlock fabric

72. A finish that is used to eliminate shrinkage in wool fabric :

(A) Crabbing (B) Carbonising

(C) Decating (D) Fulling

73. A printing technique in which design is made by removing colour from selected areas of piece dyed fabric :

(A) Heat transfer printing

(B) Duplex printing

(C) Discharge printing

(D) Resist printing

74. A stitch of 'Kasuti Embroidery' which appears like steps of a ladder is known as :

(A) Gavanti (B) Murgi

(C) Negi (D) Menthi

75. अप्रत्यक्ष गणना प्रणाली की मैट्रिक गणना (Nm) में लम्बाई की इकाई है :

(A) 256 यार्ड्स (B) 560 यार्ड्स

(C) 840 यार्ड्स (D) 1000 मीटर

76. निम्नलिखित में कौनसा नैनोमटैरियल वस्त्र सामग्री की परिसज्जा हेतु जीवाणुरोधी एजेन्ट के रूप में प्रयोग किया जाता है ?

(A) टाइटेनियम डाइऑक्साइड नैनोपार्टिकल्स

(B) स्वर्ण नैनोपार्टिकल्स

(C) रजत नैनोपार्टिकल्स

(D) कार्बन नैनोपार्टिकल्स

77. एक प्रकार का अनुसंधान जो समाज या संगठन की किसी समस्या का समाधान खोजने के उद्देश्य से किया जाता है :

(A) वर्णनात्मक अनुसंधान

(B) विश्लेषणात्मक अनुसंधान

(C) मौलिक अनुसंधान

(D) व्यावहारिक अनुसंधान

78. निम्नलिखित में कौनसा स्पैन्डेक्स रेशे के लिए रेशा बनाने वाला पदार्थ है ?

(A) पॉलीएमाइड (B) पॉलीयूरेथेन

(C) पॉलीप्रोपाइलीन (D) पॉलीइथाइलीन

75. The unit of length in metric count (Nm) of indirect count system is :

(A) 256 yards (B) 560 yards

(C) 840 yards (D) 1000 metres

76. Which among the following nanomaterials is used as antibacterial agent for finishing of textile material ?

(A) Titanium dioxide nanoparticles

(B) Gold nanoparticles

(C) Silver nanoparticles

(D) Carbon nanoparicles

77. A type of research that aims at finding the solution for a problem of the society or organization is :

(A) Descriptive research

(B) Analytical research

(C) Fundamental research

(D) Applied research

78. Which among the following is the fiber forming substance for spandex fiber ?

(A) Polyamide (B) Polyurethane

(C) Polypropylene (D) Polyethylene

79. निम्नलिखित में से कौनसा कपड़ा अपशिष्ट उपचार की तृतीयक विधि है ?

(A) न्यूट्रलाइजेशन

(B) रिवर्स ऑस्मोसिस

(C) ट्रिक्लिग निस्यंदन

(D) अवसादन

80. गैर बुने हुए निर्माण की एक विधि जिसमें स्पिनरेट से रेशों को बाहर निकालने के तुरंत बाद रेशों के जाल बनाये जाते हैं :

(A) ड्राई-लेड रेशा जाल

(B) वेट-लेड रेशा जाल

(C) स्पन-लेड रेशा जाल

(D) स्पन-लेस रेशा जाल

81. आगे एवं पीछे के आर्म होल के मध्य की दूरी को..............माप कहा जाता है । यह माप आर्म होल के मध्य बिंदु से लिया जाता है।

(A) बाँह की लम्बाई

(B) बाँह की चौड़ाई

(C) वक्ष के पार (एक्रोस चेस्ट)

(D) कंधे की चौड़ाई

82. ............नंबर की मशीन की सुई का उपयोग झीना वस्त्र सिलने में किया जाता है जैसे-नेट, शिफॉन एवं रेशमी वस्त्र ।

(A) 2 (B) 9

(C) 15 (D) 20

79. Which among the following is a tertiary method of textile effluent treatment ?

(A) Neutralization

(B) Reverse Osmosis

(C) Trickling filteration

(D) Sedimentation

80. A technique of non-woven construction in which fiber webs are made immediately after fibers are extruded from spinneret is :

(A) Dry-laid fiber web

(B) Wet-laid fiber web

(C) Spun-laid fiber web

(D) Spun-lace fiber web

81. The distance between the two armholes at the front and back is known as........... measurement. It is taken from the mid-point of armhole.

(A) Sleeve length

(B) Sleeve width

(C) Across chest

(D) Shoulder width

82. ...............numbered machine needle is used to stitch flimsy fabrics, such as net, chiffon and silk.

(A) 2 (B) 9

(C) 15 (D) 20

83. औपचारिक एवं अनौपचारिक.....................के आधारीय प्रकार है ।

(A) संतुलन

(B) लय

(C) अनुपात

(D) बल

84. ..................फैशन के सिद्धांत में उच्च सामाजिक श्रेणी के व्यक्तियों द्वारा एक शैली को फैशन में आने के पूर्व अपनाया जाता है । उसके बाद निम्न सामाजिक श्रेणी के व्यक्तियों द्वारा इस फैशन का अनुकरण किया जाता है ।

(A) ट्रिकल-अप (B) ट्रिकल-डाउन

(C) ट्रिकल-एक्रॉस (D) डायगोनल-ट्रिकल

85. यह पेपर पैटर्न जो कि एक तरफ से रंगीन होता है दो कार्य इंगित करता है, पहला ऊपर का सीधा भाग व दूसरा पैटर्न के अनुसार डिजाइन का भाग :

(A) आधारीय (बेसिक) पैटर्न

(B) क्रियाशील (वर्किंग) पैटर्न

(C) रंग कोड वाला (कलर-कोडिड) पैटर्न

(D) फ्लैट पैटर्न

83. Formal and informal are the basic types of.............

(A) Balance

(B) Rhythm

(C) Proportion

(D) Emphasis

84. In.............theory of fashion people belonging to higher social class first adopt a style before it becomes a fashion. People belonging to lower social class then imitate this fashion trend.

(A) Trickle-up

(B) Trickle-down

(C) Trickle-across

(D) Diagonal trickle

85. This paper pattern which is coloured on one side indicates two functions, first the right side up and second the design division to which the pattern belong :

(A) Basic Pattern

(B) Working Pattern

(C) Colour-coded Pattern

(D) Flat Pattern

86. सम्पूर्ण परिधान को..................द्वारा प्रेस किया जा सकता है, हालांकि कॉलर एवं कफ जैसे छोटे भाग को पहले से प्रेस करना पड़ सकता है। परिधान को फार्म पर रखा जाता है, जिसे एक या दो मिनट के लिये भाप व हवा से फुलाया जाता है । इस प्रकार का उपचार केवल आयामी रूप से स्थिर वस्त्रों से बने परिधानों के लिये उपयुक्त है ।

(A) मोल्डिंग प्रेस

(B) स्टीम डॉली

(C) फ्लैट-बेड प्रेस

(D) फ्यूज़िंग प्रेस

87. परिधान में सिलाई के द्वारा जोड़े जाने वाली सामग्री जैसे कि ज़िपर (चेन), लेबल, लेस इत्यादि..................कहलाती है ।

(A) पैटर्न

(B) उपसहायक (ऐक्सेसरी)

(C) सीवन

(D) ट्रिम्स

86. Whole garment can be pressed by............, although small parts such as collars and cuffs may have to be pre-pressed. The garment is put on the form which is then inflated by blowing with steam and air for one or two minutes. This type of treatment is only suitable for garments made from dimensionally stable fabrics.

(A) Moulding Press

(B) Steam Dolly

(C) Flat-bad Press

(D) Fusing Press

87. .............is defined as the items which are attached to the garment by sewing for example—zipper, label, laces etc.

(A) Pattern

(B) Accessory

(C) Seams

(D) Trims

88. ...............वसा अम्ल (फैटी ऐसिड) के धात्विक लवण होते हैं । ये जल के सतही तनाव को कम करते हैं जिससे कि वस्त्र आसानी से गीला किया/भिगोया जा सके । ये वस्त्र से मिट्टी व मृदा को हटाते हैं और उसे वस्त्र से अलग रखते हैं ताकि वह वस्त्र पर वापस न जम सके ।

(A) विरंजक
(B) साबुन
(C) नील
(D) विलायक

89. छपाईयुक्त पैटर्न वाले वस्त्र खरीदते समय यह अच्छे से जाँच लें कि पैटर्न वस्त्र के............ पर छापा गया हो ।

(A) ताने
(B) बाने
(C) सही ग्रेन
(D) ऑफ ग्रेन

90. इस प्रकार की सैम्पलिंग प्रक्रिया में पर्यवेक्षण या अध्ययन के आगे बढ़ने के साथ-साथ सैम्पल भी बड़ा होता जाता है :

(A) सप्रयोजन
(B) जजमेन्ट
(C) क्वोटा
(D) स्नो बॉल

88. ...............is a metallic salt of fatty acids, they lower the surface tension of the water so that the fabric can be wetted easily. They remove soil from the fabric and hold the soil separately so that it does not settle back.

(A) Bleach
(B) Soap
(C) Blue
(D) Solvent

89. When buying a printed patterned fabric, check properly that the pattern has been printed on...............of the material.

(A) warp
(B) weft
(C) true grain
(D) off grain

90. In this type of sampling procedure the sample goes on becoming bigger and bigger as the observation or study proceeds :

(A) Purposive
(B) Judgement
(C) Quota
(D) Snowball

91. निर्णय तब लिया जाता है जब :

(A) प्रक्रिया बाधक होती है

(B) प्रेरणा नहीं होती है

(C) संसाधन कम होते हैं

(D) समस्या उत्पन्न होती है

91. The decisions are taken when :

(A) there is hindrance in the process

(B) there is no inspiration

(C) there is lack of resources

(D) a problem arises

92. पारिवारिक जीवन-चक्र की द्वितीय अवस्था कौनसी है ?

(A) प्रारंभिक अवस्था

(B) विस्तृत अवस्था

(C) संकुचन अवस्था

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. Which is the second stage of the family life-cycle ?

(A) Beginning stage

(B) Expanding stage

(C) Contracting stage

(D) None of the above

93. निम्नलिखित में से कौनसा प्रबंधन प्रक्रिया का प्रथम चरण है ?

(A) नियंत्रण (B) मूल्यांकन

(C) आयोजन (D) क्रियान्वयन

93. Which of the following is the first step of Management Process ?

(A) Controlling (B) Evaluating

(C) Planning (D) Executing

94. ऊब थकान (बोरडम) निम्नलिखित में से किसका प्रकार है ?

(A) शारीरिक थकान का

(B) मानसिक थकान का

(C) पर्यावरण सम्बन्धी थकान का

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

94. Boredom fatigue is a type of which of the following ?

(A) Physiological fatigue

(B) Psychological fatigue

(C) Eco-fatigue

(D) None of the above

95. निम्नलिखित में से कौनसी कार्य सरलीकरण तकनीक **नहीं** है ?

(A) शरीर की मुद्रा एवं गतियों में परिवर्तन

(B) उपकरण, कार्यक्षेत्र एवं औजारों में परिवर्तन

(C) उत्पादन क्रम में परिवर्तन

(D) समय सारणी में परिवर्तन

96. निम्नलिखित में से कौनसा संसाधन सभी व्यक्तियों/परिवारों के लिए समान होता है ?

(A) धन (B) समय

(C) शक्ति (D) कुशलता

97. किसी समय विशेष में परिवार द्वारा उपभोग की गई वस्तुओं एवं सेवाओं का प्रवाह क्या कहलाता है ?

(A) वास्तविक आय

(B) मौद्रिक आय

(C) मानसिक आय

(D) दैनिक आय

98. 'बचत' शब्द का अर्थ क्या होता है ?

(A) अर्थव्यवस्था के प्रति जवाबदेही

(B) वर्तमान आवश्यकता की लागत

(C) कमाई एवं खर्चे के बीच का अंतर

(D) निवेश की प्रत्यक्ष अनुपातहीनता

95. Which of the following is *not* a work-simplification technique ?

(A) Change in body position and motion

(B) Change in tools, working area and equipments

(C) Change in production sequence

(D) Change in time schedule

96. Which of the following resources is same for all the people/families ?

(A) Money (B) Time

(C) Energy (D) Skills

97. The flow of goods and services which a family enjoys over a given period of time is called as :

(A) Real Income

(B) Money Income

(C) Psychic Income

(D) Daily Wages

98. The term 'savings' means :

(A) A responsibility for economy

(B) Cost of current necessity

(C) The difference between earning and expenditure

(D) Directly inproportionate

99. निम्नलिखित में से कौनसा 'मूलभूत आवश्यकता का अधिकार' है ?

(A) स्वास्थ्य एवं शिक्षण

(B) मनोरंजन

(C) सेवाएँ

(D) सूचना प्राप्ति

100. वह निदर्शन तकनीक जिसमें सभी इकाइयों को चुने जाने का समान अवसर प्राप्त होता है :

(A) सविचार निदर्शन तकनीक

(B) दैव निदर्शन तकनीक

(C) स्तरित निदर्शन तकनीक

(D) सुविधानुसार निदर्शन तकनीक

101. निम्नलिखित में से कौनसा कला का तत्त्व **नहीं** है ?

(A) रूप (B) लय

(C) बनावट (D) जगह (स्थान)

102. किसी रंग के सापेक्ष हल्केपन या गहरेपन के रूप में क्या परिभाषित किया गया है ?

(A) मान

(B) तीव्रता (क्रोमा)

(C) रंग (मूल रंग)

(D) गुणवत्ता

99. Which of the following is concerned with 'Right to basic needs' ?

(A) Health and Education

(B) Entertainment

(C) Services

(D) Receving Information

100. A sampling technique, in which all the units have an equal chance of being selected :

(A) Purposive Sampling Technique

(B) Random Sampling Technique

(C) Stratified Sampling Technique

(D) Convenience Sampling Technique

101. Which of the following is *not* an element of art ?

(A) Form (B) Rhythm

(C) Texture (D) Space

102. What is defined as the relative lightness or darkness of a colour ?

(A) Value

(B) Chroma (intensity)

(C) Hue

(D) Quality

103. फ्लोर प्लान द्वारा इनमें से कौनसी जानकारी दी जाती है ?

(A) विभिन्न कमरों की सामान्य व्यवस्था

(B) खिड़कियों और दरवाजों की ऊँचाई

(C) छत की रेखाएँ

(D) सीमाओं की लंबाई

104. निम्नलिखित में से किसे भारत में आवास के लिए शीर्ष वित्तीय संस्थान माना जाता है ?

(A) गृह-व्यवस्था संघ वित्त

(B) आवास विकास वित्त

(C) राष्ट्रीय आवास बैंक

(D) दिल्ली विकास प्राधिकरण

105. निम्नलिखित में से ग्रीन रेटिंग प्रणाली के लिए कौनसा वाक्य सत्य है ?

(A) इन्हें टिकाऊ निर्माण प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है ।

(B) भारत में इसे इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल के ग्रीन बिल्डिंग रेटिंग सिस्टम के रूप में मान्यता प्राप्त है ।

(C) विभिन्न देशों की अपनी-अपनी हरित भवन रेटिंग प्रणाली होती है ।

(D) उपर्युक्त सभी

103. The floor plan provides which of the following informations ?

(A) General arrangement of different rooms

(B) Height of the windows and doors

(C) The roof lines

(D) Length of boundaries

104. Which of the following is considered as an apex financial institutions for housing in India ?

(A) Housing Association Finance

(B) The Housing Development Finance

(C) National Housing Bank

(D) Delhi Development Authority

105. Which of the following statements is true for Green Rating Systems ?

(A) These are designed to promote sustainable construction practices.

(B) In India, it is recognised as the Indian Green Building Council's Green Building Rating System.

(C) Different countries have their own Green Building Rating Systems.

(D) All of the above

106. पनबिजली पैदा करने वाले बाँधों से क्या नुकसान हो सकता है ?

(A) ज्यादा रखरखाव लागत

(B) जलविद्युत संयंत्रों का लम्बा जीवन

(C) भूकम्पीय गतिविधि को प्रेरित करता है

(D) जल की प्राकृतिक प्रवणता का उपयोग करता है

107. निम्नलिखित में से कौनसा नवप्रवर्तन के प्रसार के चार मुख्य तत्त्वों में से एक नहीं है ?

(A) भावनात्मक अपील

(B) समय

(C) एक सामाजिक प्रणाली

(D) संचार के माध्यम

108. कार्यक्षेत्र का कार्यात्मक डिजाइन बनाने हेतु कौनसे मापदंड ध्यान में रखने चाहिए ?

(A) ऊर्ध्वाधर स्थान की जगह

(B) कार्यकर्ता के लिए निर्धारित स्थान की आवश्यकता

(C) क्षैतिज स्थान की जगह

(D) उपर्युक्त सभी

106. What is the disadvantage of the hydroelectric power generating dams ?

(A) High maintenance costs

(B) Long life of hydropower plants

(C) Induces seismic activities

(D) Uses natural gradient of water

107. Which of the following is *not* one amongst the four main elements in the diffusion of innovations ?

(A) Emotional Appeal

(B) Time

(C) A Social System

(D) Communication Channels

108. Which criteria should be considered to design a functional workplace ?

(A) Location in vertical space

(B) Amount of space required by the worker

(C) Location in horizontal space

(D) All of the above

109. निम्नलिखित में से कौनसा स्काईलाइट खिड़की का सबसे उपयुक्त वर्णन करता है ?

(A) ढलान वाली छत पर लम्बवत् रखी गई एक खिड़की जिसकी अपनी एक छोटी छत है

(B) खिड़कियाँ जिन पर चित्र चिपके हुए होते हैं

(C) खिड़कियाँ जो एक कोने में स्थित होती हैं, जो अन्दर या बाहर की ओर खुल सकती हैं

(D) छत पर लगी हुई खिड़कियाँ जिनसे सूर्य की रोशनी आती है

110. निम्नलिखित में से कौनसा बिंदु एक अच्छी प्रश्नावली के लिए आवश्यक है ?

(A) कई खुले सिरे वाले प्रश्न

(B) संक्षिप्त और सरल प्रश्न

(C) पहले अधिक कठिन प्रश्न

(D) तकनीकी शब्द और कमजोर अभिव्यक्ति का प्रयोग वाले प्रश्न

109. Which of the following describes the skylight windows, most appropriately ?

(A) A window placed vertically in a sloping roof that has a tiny roof of its own

(B) Windows with pictures stuck on them

(C) Windows located in the corner which can be opened inwards or outwards

(D) Windows located on the ceiling which allows sunlight to come inside

110. Which of the following points is an essential for a good questionnaire ?

(A) Many open ended questions

(B) Short and simple questions

(C) More difficult questions first

(D) Using technical terms and vague expressions.

111. गर्भाधान के पश्चात् दो से आठ सप्ताह की गर्भकालीन अवधि को..................कहते हैं ।

(A) डिम्बावस्था

(B) भ्रूणावस्था

(C) गर्भस्थ शिशु की अवस्था

(D) युग्मक

112. किस सिद्धांतकार ने सामान्यतया जैविक विकास एवं विशेषतया या लैंगिक विकास को ज्यादा उद्धरित किया है ?

(A) अल्बर्ट बण्डुरा

(B) एरिक एरिक्सन

(C) सिगमंड फ्रॉयड

(D) अब्राहम मैस्लो

113. पूर्व बाल्यावस्था में बच्चों में सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल विकसित करने के लिये निम्नलिखित में से कौनसी क्रियाविधि सही है ?

(A) दौड़ना

(B) सीढ़ी चढ़ना

(C) धागे में पिरोकर मोतियों की लड़ी बनाना

(D) घुटनों के बल चलना

111. The period of prenatal development that occurs from two to eight weeks after conception is known as :

(A) Germinal stage/period

(B) Embryonic period

(C) Period of fetus

(D) Zygote

112. Which theorists had put heavy emphasis on biological development and on sexual development in particular ?

(A) Albert Bandura

(B) Erik Erikson

(C) Sigmund Freud

(D) Abraham Maslow

113. Which of the following activities is appropriate to develop fine motor skill in early childhood ?

(A) Running

(B) Stair Climbing

(C) Stringing of beads

(D) Crawling

114. इनमें से क्या विशिष्ट शिक्षा की विशेषता नहीं है ?

(A) हस्तक्षेपकारी (B) लक्ष्योन्मुख

(C) विशिष्ट (D) सामान्यीकृत

115. मंद श्रवण ह्रास की अवस्था में सुनने की क्षमता/स्तर.....................है ।

(A) 27-39 dB (B) 40-54 dB

(C) 55-70 dB (D) 71-89 dB

116. अनुच्छेद.....................के अनुसार, 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने या किसी खतरनाक रोजगार में काम करने के लिये नियोजित नहीं किया जायेगा ।

(A) 22 (B) 23

(C) 24 (D) 25

117. मार्सिया के पहचान सिद्धांत के अनुसार, यह अवस्था व्यक्ति को संकट के चरण से निकलने के लिये विकल्पों के चयन की ओर अग्रसारित करती है :

(A) पहचान प्राप्ति

(B) पहचान अग्रिम

(C) स्थगन/विलंबन

(D) पहचान भ्रम

114. Which of the following is *not* the characteristic of special education ?

(A) Interventory (B) Goal-oriented

(C) Specific (D) Generalised

115. Hearing level in case of mild hearing loss is :

(A) 27-39 dB (B) 40-54 dB

(C) 55-70 dB (D) 71-89 dB

116. As per Article..............., no child below the age of 14 years shall be employed to work in any factory or in any dangerous employment.

(A) 22 (B) 23

(C) 24 (D) 25

117. According to Marcia's Identity theory, this stage forces an individual to find alternatives and choices to come out a crisis period :

(A) Identity Achievement

(B) Foreclosure

(C) Mortarium

(D) Identity Diffusion

118. नव युवावस्था वह उम्र है जिसमें :

(A) अंतरंग सम्बन्ध विकसित होते हैं

(B) माता-पिता के साथ सम्बन्ध कठोर होते हैं

(C) अपने संवेग व्यक्त नहीं कर पाते हैं

(D) दूसरों के प्रति असंवेदनशील होते हैं

119. बच्चे अपने साथियों से अंतरंगता का कौशल सबसे पहले कहाँ से सीखते हैं ?

(A) पड़ोसी

(B) समाज

(C) विद्यालय

(D) परिवार

120. "बौद्धिक विकास सामाजिक विकास से संबंधित प्रक्रिया है जिसमें बच्चे को उचित बौद्धिक विकास के लिये परिवार, साथी समूह और अन्य लोगों के सहयोग की आवश्यकता होती है।" यह कथन किसका है ?

(A) एरिक्सन

(B) बैण्डूरा

(C) पियाजे

(D) वायगोत्सकी

118. The young adulthood is the period in which :

(A) Intimate relations are developed

(B) Relationship with parents are worsed

(C) Can't express their emotions

(D) They are insensitive to others

119. From where children first acquire skills for interacting with peers ?

(A) Neighbourhood

(B) Society

(C) School

(D) Family

120. "Cognitive development is viewed as socially mediated process, in which children depend on assistance from family, peer group and other people for suitable intellectual development." Who stated this ?

(A) Erikson

(B) Bandura

(C) Piaget

(D) Vygotsky

121. विश्रृंखलित परिवार..................में अपराधवृत्ति के लिए अधिक सहायक होता है ।

(A) लड़कों (B) लड़कियों

(C) माता (D) पिता

122. निम्नलिखित में से कौनसा गर्भ निरोध का प्राकृतिक तरीका है ?

(A) कॉपर–टी (B) पुरुष नसबंदी

(C) कण्डोम (D) लैम

123. वैवाहिक असामंजस्य बनाने वाली परिस्थिति है :

(A) विवाह की अवास्तविक धारणा

(B) जीवनसाथी के साथ समायोजन

(C) पृष्ठभूमि की समानता

(D) पारिवारिक जीवन–चक्र

124. माता–पिता से प्राप्त अति संरक्षण का व्यवहार आगे चलकर बालक के..................के व्यवहार रूप में देखा जा सकता है ।

(A) असुरक्षा

(B) मनोसंताप

(C) उत्साही प्रवृत्ति

(D) उपेक्षित भाव

121. A broken family is more conducive to increase of crime in................

(A) Boys (B) Girls

(C) Mother (D) Father

122. In the following which is a natural method of contraception ?

(A) Copper-T (B) Vasectomy

(C) Condom (D) LAM

123. A situation that creates marital disharmony is :

(A) Unrealistic concept of marriage

(B) Adjustment to mate

(C) Similarity of backgrounds

(D) Family Life-cycle

124. The protective behaviour received from parents can be seen in the child's behaviour later on :

(A) Unsafe

(B) Psycho-anguish

(C) Enthusiastic attitude

(D) Neglected expressions

125. जब माता-पिता निर्मित प्रत्ययों के अनुसार व्यवहार नहीं करते हैं, तब पारिवारिक संबंधों में.....................उत्पन्न होता/होती हैं ।

(A) दोषारोपण

(B) द्वन्द्व

(C) मनमुटाव

(D) विवशता

126. पारिवारिक द्वन्द्वों के उत्पन्न होने का कारण है :

(A) आत्मानुभूति

(B) परिवार के सदस्य/सदस्यों द्वारा पराकाष्ठा वाली स्थिति को अपनाना

(C) परिवार की अपेक्षा व्यक्ति का महत्व कम होना

(D) परिवार का विस्तृत स्वरूप

127. महिलाओं के सम्मान को हानि पहुँचाने की दृष्टि से किए गए प्रहार के खिलाफ कानूनी सुरक्षा है :

(A) आई.पी.सी. की धारा 354

(B) आई.पी.सी. की धारा 375 तथा 376

(C) आई.पी.सी. की धारा 498-ए

(D) आई.पी.सी. की धारा 312

125. When parents do not behave according to the established concepts.............arises in family relationships.

(A) Accusation

(B) Conflict

(C) Estrangement

(D) Compulsion

126. The reason for the emergence of family conflicts is :

(A) Self-realization

(B) Adoption of extreme situation by family member/members

(C) Less importance of the individual as compared to the family

(D) Extended form of family

127. Legal protection against assault intended to harm the dignity of women is :

(A) IPC Section 354

(B) IPC Sections 375 and 376

(C) IPC Section 498a

(D) IPC Section 312

128. "मैं घरवालों का हूँ और घरवाले मेरे हैं।" यह भावना..................प्रदान करती है ।

(A) अस्थिरता

(B) स्थिर व्यवहार

(C) अत्यधिक मानसिक तनाव से मुक्ति

(D) सुरक्षा

129. सूचनादाता द्वारा प्राप्त सूचना को विशिष्ट संवर्गों में विश्लेषण हेतु प्रस्तुत करना कहलाता है ।

(A) आँकड़े

(B) सारणीकरण

(C) वर्गीकरण

(D) संकेतीकरण

130. ..................घरेलू वातावरण एक मजबूत और कठोर अनुशासन प्रणाली के साथ व्यवहार पर स्पष्ट प्रतिबंधों पर बल देता है ।

(A) निरंकुश

(B) लोकतांत्रिक

(C) अनुज्ञेयता

(D) अतिसंरक्षण

128. "I belong to the family and the family belongs to me." This feeling provides................ .

(A) Instability

(B) Stable behaviour

(C) Freedom from excessive mental stress

(D) Security

129. Presenting the information received by informant in specific categories for analysis is known as :

(A) Data

(B) Tabulation

(C) Classification

(D) Coding

130. ..............home atmosphere emphasizes clearcut restrictions on behaviour with a strong and rigid discipline system.

(A) Autocratic

(B) Democratic

(C) Permissiveness

(D) Overprotective

131. संचार प्रक्रिया के तत्त्वों को क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) फीडबैक (ii) माध्यम

(iii) प्रेषक (iv) संदेश

(v) प्राप्तकर्ता

(A) (iii), (ii), (v), (i), (iv)

(B) (iii), (iv), (i), (ii), (v)

(C) (iii), (iv), (ii), (v), (i)

(D) (iii), (iv), (v), (ii), (i)

132. वह सिद्धान्त जिसके अनुसार 'मीडिया बेहद शक्तिशाली संस्थान है और मीडिया उपभोक्ता अनुभवहीन एवं लचीले होते हैं ।' है :

(A) हाइपोडर्मिक या बुलेट सिद्धान्त

(B) व्यक्तिगत प्रभाव का सिद्धान्त

(C) समाजशास्त्रीय सिद्धान्त

(D) उपयोग एवं संतुष्टि का सिद्धान्त

133. लॉसवेल के संचार मॉडल में निम्नलिखित क्रम को सही माना जाता है :

(A) किसने कहा, किससे कहा, किन परिस्थितियों में कहा

(B) किसने कहा, क्या कहा, किस चैनल से, किसको कहा, किन परिस्थितियों में तथा किस प्रभाव से कहा

(C) किसने कहा, किससे कहा, किस प्रभाव से कहा

(D) किसने कहा, किससे कहा, किस चैनल से और किस प्रभाव से कहा

131. Arrange the elements of communication process in sequence :

(i) Feedback (ii) Channel

(iii) Sender (iv) Message

(v) Receiver

(A) (iii), (ii), (v), (i), (iv)

(B) (iii), (iv), (i), (ii), (v)

(C) (iii), (iv), (ii), (v), (i)

(D) (iii), (iv), (v), (ii), (i)

132. The theory that believes that 'media are extremely powerful institutions and media consumers are naive and malleable,' is :

(A) Hypodermic or Bullet Theory

(B) Personal Influence Theory

(C) Sociological Theories

(D) The uses and gratification theory

133. Lasswell's model of communication follows the sequence :

(A) Who says, to whom, under what circumstances

(B) Who says, what, through which channel, to whom, under what circumstances and with what implications

(C) Who says, to whom, with what implications

(D) Who says, to whom, through which channel and with what implications

134. शैनन एवं वीवर के मॉडल में सूचना के संचार में कौनसी समस्याओं पर ध्यान दिया गया है ?

(A) यांत्रिक एवं आर्थिक

(B) तकनीकी, यांत्रिकी, आर्थिक

(C) तकनीकी केवल

(D) यांत्रिक, शब्दार्थगत, आर्थिक

135. खेड़ा संचार परियोजना (के.सी.पी.) किस अवधि में क्रियाशील थी ?

(A) 1960-1969 (B) 1970-1979

(C) 1965-1974 (D) 1975-1990

136. विकास हेतु संचार में उपयोग की जाने वाली आई.सी.टी. का एक रूप **नहीं** है :

(A) ई–शासन

(B) ई–चौपाल

(C) लोक पंचायत

(D) टेलीसेंटर

137. सकारात्मक व्यवहार विकसित करने तथा व्यक्तिगत, सामुदायिक एवं सामाजिक व्यवहार को यथावत् बनाए रखने हुए विशिष्ट संदेश विकसित करने की इंटरेक्टिव प्रक्रिया है :

(A) व्यवहार परिवर्तन संचार

(B) परस्पर संवादात्मक संचार

(C) संगठनात्मक संचार

(D) व्यावसायिक संचार

134. Which levels of problems in communication of information are indicated in Shannon and Weaver's model ?

(A) Mechanical and Economic

(B) Technical, Mechanical, Economic

(C) Technical Only

(D) Mechanical, Semantic, Economic

135. Kheda Communications Project (KCP) was functional in which term ?

(A) 1960-1969 (B) 1970-1979

(C) 1965-1974 (D) 1975-1990

136. Which is *not* a form of ICT used in communication for development ?

(A) e-Governance

(B) e-Choupal

(C) Lok Panchayat

(D) Telecentres

137. The interactive process with communities to develop specific messages to develop positive behaviours and maintain individual, community and societal behavioural change is :

(A) Behaviour Change Communication

(B) Interactive Communication

(C) Organisational Communication

(D) Business Communication

138. वह संचार का मॉडल जिसमें केवल तीन संचार तत्व 'वक्ता, विषय एवं श्रोता' अंकित हैं, है :

(A) अरस्तु का मॉडल

(B) लॉसवेल का मॉडल

(C) उत्तेजना-प्रतिक्रिया मॉडल

(D) श्रैम का मॉडल

139. ................का अर्थ है संदेश की समझ प्रदान करना।

(A) संकेतीकरण

(B) प्राप्तकर्ता

(C) व्याख्या करना/गूढ़ाक्षरों को स्पष्ट करना

(D) प्रतिक्रिया

140. ई.एम. रोजर्स द्वारा दी गई डिफ्यूजन ऑफ इनोवेशन (DOI) थ्योरी के अनुसार :

(A) समय के साथ कोई विचार अथवा उत्पाद तेजी पकड़ता है एवं सामाजिक तंत्र में मिल जाता है, अन्तत: लोग उसे अपना लेते हैं ।

(B) समय की कोई भूमिका डिफ्यूजन की प्रक्रिया में नहीं होती है ।

(C) लोगों में किसी वस्तु अथवा विचार को अपनाने की सदैव तत्परता होती है ।

(D) यदि तकनीक का प्रयोग नहीं किया जाए डिफ्यूजन संभव नहीं होता ।

138. The communication model in which only three communication elements i.e. 'Speaker, Subject and Audience' are indicated, is :

(A) Aristotle's Model

(B) Lasswell's Model

(C) Stimulus-Response model

(D) Schramm's Model

139. .............means to impart understanding of the message.

(A) Encoding

(B) Receiver

(C) Decoding

(D) Feedback

140. According to Diffusion of Innovation (DOI) theory given by E.M. Rogers :

(A) An idea or product gains momentum with time and diffuses in the social system, and is finally accepted by people

(B) Time does not play any role in diffusion process

(C) People are always eager to accept new ideas or products

(D) Diffusion is not possible without technology use

141. विधि प्रदर्शन बैठकें हैं :

(A) व्यक्तिगत सम्पर्क विधि

(B) जन. सम्पर्क विधि

(C) समूह सम्पर्क विधि

(D) उपर्युक्त सभी

142. निम्नलिखित में से कौनसा प्रसार शिक्षा का सिद्धान्त नहीं है ?

(A) तृणमूल संगठन का सिद्धान्त

(B) सांस्कृतिक समानता का सिद्धान्त

(C) सहभागिता का सिद्धान्त

(D) नेतृत्व का सिद्धान्त

143. क्रियाकलापों की रूपरेखा इस प्रकार से तैयार करना कि सम्पूर्ण नियोजित कार्यक्रम का ठीक प्रकार से निष्पादन हो सके, कहलाता है :

(A) कार्यक्रम मूल्यांकन

(B) कार्यक्रम क्रियान्वयन

(C) कार्य योजना

(D) कार्यक्रम उद्देश्य

144. निम्नलिखित में से कौनसी सहभागिता अधिगम क्रिया की तकनीक **नहीं** है ?

(A) ट्रान्जेक्ट चित्र या नक्शा

(B) चपाती चित्र या वैन

(C) प्रवाह रेखाचित्र

(D) अवलोकन

141. Method demonstraction meeting is :

(A) Individual contact method

(B) Mass contact method

(C) Group contact method

(D) All of the above

142. Which of the following is *not* the principle of extension education ?

(A) Principle of grassroot organization

(B) Principle of cultural similarity

(C) Principle of participation

(D) Principle of leadership

143. An outline of activities so arranged as to enable efficient execution of the entire planned programme is known as :

(A) programme evaluation

(B) programme execution

(C) plan of work

(D) programme objectives

144. Which of the following is *not* the technique of Participatory Learning Action ?

(A) Transect diagram or Maps

(B) Chapati diagram or Venn

(C) Flow diagram

(D) Observation

145. "कृषक प्रशिक्षण एवं क्रियात्मक साक्षरता कार्यक्रम" परियोजना किस मंत्रालय के प्रयासों से चलायी जाती है ?

(A) शिक्षा मंत्रालय

(B) कृषि मंत्रालय

(C) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

(D) उपर्युक्त सभी

146. DRDA का पूरा नाम है :

(A) जिला ग्रामीण विकास एजेन्सी

(B) जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण

(C) जिला शोध विकास प्राधिकरण

(D) जिला शोध विकास एजेन्सी

147. 'CHETNA' का पूरा नाम है :

(A) स्वास्थ्य शिक्षा, प्रशिक्षण एवं पोषण जागरूकता केन्द्र

(B) स्वास्थ्य शिक्षा, शिक्षण एवं पोषण जागरूकता केन्द्र

(C) स्वास्थ्य शिक्षा प्रशिक्षण एवं राष्ट्रीय जागरूकता केन्द्र

(D) स्वास्थ्य शिक्षा शिक्षण एवं राष्ट्रीय जागरूकता केन्द्र

145. "The Farmers' Training and Functional Literacy Programme" project is implemented by which ministry ?

(A) Education Ministry

(B) Agriculture Ministry

(C) Information and Broadcasting Ministry

(D) All of the above

146. Full form of DRDA is :

(A) District Rural Development Agency

(B) District Rural Development Authority

(C) District Research Development Authority

(D) District Research Development Agency

147. Full form of 'CHETNA' is :

(A) Centre for Health Education, Training and Nutrition Awareness

(B) Centre for Health Education, Teaching and Nutrition Awareness

(C) Centre for Health Education Training and National Awareness

(D) Centre for Health Education Teaching and National Awareness

148. निम्नलिखित में से कौनसा 'ब्लूम टैक्सोनोमी' का शिक्षात्मक उद्देश्य क्षेत्र **नहीं** है ?

(A) संज्ञानात्मक

(B) प्रभावी

(C) मनोगामक

(D) मनोविश्लेषणात्मक

149. पंचायती राज प्रणाली में 'जिला परिषद्' का अध्यक्ष होता है :

(A) प्रखंड विकास अधिकारी

(B) ग्राम विकास अधिकारी

(C) जिलाधीश या जिला कलेक्टर

(D) प्रखंड प्रसार अधिकारी

150. किस देश में प्रसार सेवा को 'सहकारी सेवा तथा गृह अर्थशास्त्र सेवा' कहा जाता है ?

(A) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका (USA)

(B) जापान

(C) इजरायल

(D) फिलीपीन्स

148. Which of the following is *not* the domain of 'Bloom's Taxonomy' of Educational objectives ?

(A) Cognitive

(B) Affective

(C) Psychomotor

(D) Psychoanalytical

149. In Panchayati Raj System the Chairman of 'Zila Parishad' is :

(A) Block Development Officer

(B) Village Development Officer

(C) District Collector or District Magistrate

(D) Block Extension Officer

150. In which country the Extension Service is called 'The Co-operative Service and Home Economics Service' ?

(A) United States of America (USA)

(B) Japan

(C) Israel

(D) Philippines

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)